Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide adequate compensation to farmers whose lands have been acquired for fencing purpose in border areas of Jammu and Kashmir-laid.

श्री जुगल किशोर शर्मा (जम्मू): मैं सरकार का ध्यान जम्मू कश्मीर राज्य के उन सीमावर्ती स्थानों की और ले जाना चाहता हूँ, जहाँ की सीमा पर तारबंदी हुई है। तारबंदी के कारण, तारबंदी के दूसरी ओर जो खेती की जमीन थी उसका अधिग्रहण कर लिया गया है, उस जमीन पर खेती करने वाले किसान बेरोजगार हो गए हैं.

उन गरीब किसानो को भुखमरी की नौबत आ गयी है। इस तारबंदी की व्यवस्था में उन गरीब किसानों का क्या दोष है। ना ही उन्हें कोई रोजगार मिला और ना ही उन्हें उस जमीन का मुआवज़ा अभी तक मिला है, जिससे कि वह आपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें।

मैं सरकार से विनती करना चाहता हूँ कि जल्द से जल्द मुआवजा देने का कष्ट करे ताकि वह किसान अपने और अपने बच्चो का पालन पोषण कर सकें|